HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर **दिनांक 16.11.2022**

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा जनपद के लक्ष्मी बाई चौक पर पिंक बूथ का उद्घाटन तथा यातायात एवं सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात जागरुकता बाइक रैली व ऑटो रिक्शा रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया:-

आज दिनांक 16/11/2022 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्मी बाई चौक पर पिंक बूथ का उद्घाटन तथा यातायात एवं सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात जागरुकता बाइक रैली व ऑटो रिक्शा रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया, इसी क्रम में-

01) महोदय द्वारा सर्वप्रथम हमीरपुर सदर के लक्ष्मीबाई चौक पर पिंक बूथ का उद्घाटन कर उपस्थित लोगों को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई साथ ही महिलाओं से संबंधित अपराधों में कमी लाने व महिला सुरक्षा के प्रति शासन-प्रशासन की प्रतिबद्धता प्रकट की गई।

02) महोदय द्वारा पिंक बूथ परिसर में वृक्षारोपण किया गया साथ ही लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

03) महोदय द्वारा यातायात माह नवंबर के अंतर्गत यातायात जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

04) तत्पश्चात यातायात जागरूकता के संबंध में ऑटो रिक्शा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रैली के माध्यम से आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया साथ ही लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

बूथ
लक्ष्मी बाई
नगर

की हार्दिक शुभकामनायें
सुनील कुमार
9795886755
अशोक सवान
राष्ट्रीय
WELCOMES

मिशन शक्ति (फेज-4)
वृहद
जन-जागरुकता
रैली
डा. विपिन कुमार मिश्र, IPS
सौजन्य से : सरदार पटेल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल,